Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date – 14th November, 2024

Career Guidance for UGC NET Examination appearing students

CAREER OPTION | सरकारी संस्थानों में बतौर रिसर्च एसोसिएट कर सकते हैं काम

नेट क्लियर करने के बाद ये हैं करिअर के विकल्प

यूजीसी नेट की परीक्षा क्लियर करने के बाद कैंडिडेट्स के पास करिअर के बहुत से अवसर होते हैं। यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है जो एनटीए द्वारा साल में दो बार कराई जाती है। यूजीसी नेट क्वालिफाई करने के बाद, सबसे सामान्य विकल्प असिस्टेंट प्रोफेसर का है। नेट क्लियर करने के बाद आप देशभर के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में लेक्चरर बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा भी कई करिअर के विकल्प हैं। अगर आप रिसर्च स्कॉलर बनना चाहते हैं तो जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) की तैयारी कर सकते हैं। फिर किसी विषय में डीप रिसर्च करने के बाद सीनियर रिसर्चर या रिसर्च प्रोजेक्ट हेड जैसे पदों पर पहुंच सकते हैं। इसके अलावा आपके पास कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में पढ़ाने का भी विकल्प होता है।

यूजीसी भी करता है हायरिंग

आप एजुकेशनल प्रोग्राम में बतौर एक्सपर्ट भी काम कर सकते हैं। वहीं आप सरकारी संस्थानों में रिसर्च पोजिशन भी उपलब्ध रहती है। यूजीसी, आईसीएआर, आईसीएसएसआर जैसे संस्थानों में रिसर्च एसोसिएट्स, एनालिस्ट और प्रोजेक्ट मैनेजर के तौर पर काम कर सकते हैं।

देश के पीएसयू में कैंडिडेट्स के लिए हैं अच्छे मौके

नेट के बाद पीएसयू (पब्लिक सर्विस अंडरटेकिंग्स) में भी काम कर सकते हैं। देश के कई पीएसयू नेट क्वालिफाय करने वाले कैंडिडेट्स को हायर करते हैं। देश में इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, एनटीपीसीएल और ओएनजीसी समेत अन्य पीएसयू इन कैंडिडेट्स को हायर करते हैं।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)